**कार्यालय अधिष्ठाता कृषि संकाय**
**चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर**

पत्रांकःसीएसयूडी/195/2025–26 दिनांकः मई 23,2025

1. कुलसचिव।
2. निदेशक, कृषि प्रयोग केन्द्र।
3. समस्त, विभागाध्यक्ष (कृषि संकाय)।
4. डा0 सर्वेश कुमार, प्राध्यापक, भूमि संरक्षण एवं जल प्रबन्ध विभाग/Secretary, Board of Faculty.
5. डा0 कौशल कुमार, प्राध्यापक, भूमि संरक्षण एवं जल प्रबन्ध विभाग/Representative, Board of Faculty.

अवगत कराना है कि निम्नलिखित प्रस्तावों पर विचार–विमर्श हेतु **दिनांक 24.05.2025 को अपरान्ह 03:30** बजे अधिष्ठाता कृषि संकाय समिति कक्ष में **बोर्ड ऑफ फैकल्टी** की एक बैठक आहुत की गई है।

| प्रस्ताव | | विवरण |
|---|---|---|
| प्रस्ताव संख्या–01 | : | दिनांक 09.01.2025 को अधिष्ठाता कृषि संकाय की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई बोर्ड ऑफ फैकल्टी की बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन। **(संलग्नक–1)** |
| प्रस्ताव संख्या–02 | : | कुलसचिव कार्यालय पत्रांकःसीएसएयू/आर–413/शिक्षा नीति/2025 दिनांक 15.05.2025 के कम में दिनांक 19.05.2025 को अधिष्ठाता समिति कक्ष में अपरान्ह 03:30 बजे अधिष्ठाता, कृषि संकाय की अध्यक्षता में आहुत शिक्षा नीति समिति की बैठक के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार। **(संलग्नक–2)** |
| प्रस्ताव संख्या–03 | : | विभागाध्यक्ष, सस्य देहिकी विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव "विश्वविद्यालय/विभाग के एम0–एस0सी0 (कृषि) के छात्रों को अध्ययनरत अवधि में एक पेपर प्रकाशन हेतु विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य किया जाये।" के अनुमोदन पर विचार। **(संलग्नक–3)** |
| प्रस्ताव संख्या–04 | : | डा0 उमानाथ शुक्ला, प्राध्यापक, सस्य विज्ञान विभाग द्वारा प्रस्तुत विश्वविद्यालय में कार्यरत संकाय सदस्यों द्वारा समयानुकूल उत्कृष्ट शोध किये जाने हेतु प्रति वैज्ञानिक/शिक्षक धनराशि रू0 100000.00 (रू0 एक लाख) सीड मनी के रूप में आवंटित किये जाने सम्बन्धित प्रस्ताव पर विचार। **(संलग्नक–4)** |
| प्रस्ताव संख्या–05 | : | डा0 सर्वेश कुमार, प्राध्यापक, भूमि संरक्षण एवं जल प्रबन्ध विभाग/Secretary, Board of Faculty द्वारा प्रस्तुत विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में पी0जी0 एवं पी0–एच0डी0 शोध छात्र/छात्राओं द्वारा अपने मेजर विषय के साथ–साथ बी0एस0एम0ए0 गाईलाइन्स के अनुसार दूसरे विभागों से सम्बन्धित माईनर कोर्स का चयन अनिवार्य किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर विचार। **(संलग्नक–5)** |
| प्रस्ताव संख्या–06 | : | डा0 सर्वेश कुमार, प्राध्यापक, भूमि संरक्षण एवं जल प्रबन्ध विभाग/Secretary, Board of Faculty द्वारा प्रस्तुत विश्वविद्यालय में एम0–एससी0/पी0–एच0डी0 शोध छात्र/छात्राओं की थीसिस मूल्यांकन की दरें जो वर्ष 2019 से लागू हैं, उन्हे प्रस्तुत प्रस्तावानुसार संशोधित किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव **(संलग्नक–6)** |
| प्रस्ताव संख्या–07 | : | डा0 सर्वेश कुमार, प्राध्यापक, भूमि संरक्षण एवं जल प्रबन्ध विभाग/Secretary, Board of Faculty द्वारा प्रस्तुत विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के स्टडी टूर हेतु उन्हे बाहर जाने पर प्रतिदिन रहने एवं खाने हेतु पूर्व निर्धारित दर रू0 150/– मात्र से बढ़ाकर प्रतिदिन प्रतिछात्र रू0 300.00 किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर विचार। **(संलग्नक–7)** |
| प्रस्ताव संख्या–08 | : | डा0 सर्वेश कुमार, प्राध्यापक, भूमि संरक्षण एवं जल प्रबन्ध विभाग/Secretary, Board of Faculty द्वारा प्रस्तुत विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की उपस्थिति मानके के अनुसार पूर्ण न होने के फलस्वरूप उन्हे कक्षाओं में उपस्थित रहने हेतु प्रोत्साहित किये जाने के कम में प्रत्येक विषय में प्रोत्साहन स्वरूप संलग्न प्रस्तावानुसार बोनस अंक दिये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर विचार। **(संलग्नक–8)** |
| प्रस्ताव संख्या–09 | : | डा0 अरुण कुमार, सह–प्राध्यापक, पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विज्ञान द्वारा प्रस्तुत उत्कृष्ट शोध पत्र प्रकाशन हेतु शिक्षकों/वैज्ञानिकों को प्रस्तुत प्रस्तावानुसार विश्वविद्यालय द्वारा फण्ड उपलब्ध कराये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर विचार। **(संलग्नक–9)** |

कृपया उक्त बैठक मे आप स्वंय तथा अपने अधीनस्थ कृषि संकाय सदस्यों के साथ समय से भाग लेने का कष्ट करें।

23/5/25

(सी0 एल0 मौर्य)
अधिष्ठाता, कृषि संकाय

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्त।
**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रभारी, ए0के0एम0यू0 को इस आशय से कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
2. कुलपति के तकनीकी सचिव को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
3. गार्ड फाईल

(सी0 एल0 मौर्य)
अधिष्ठाता, कृषि संकाय